विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र./परीक्षा/2022/10555 दिनांक : 13/7/2022

// संशोधित अधिसूचना //

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सत्र 2021–22 के पाठ्यक्रमों बी.ए.बी.एड,, बी.एससी.बी.एड, द्वितीय, चतुर्थ षष्ठम एवं अष्ठम सेमेस्टर नियमित/पूर्व/एटीकेटी प्राप्त एवं., एम.एड. नियमित/पूर्व/एटीकेटी प्राप्त द्वितीय,चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों से परीक्षाओं के आवेदन पत्र संबंधित महाविद्यालय में एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से जमा करवाये जाने हेतु तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती है :–

1) बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –

"22 जुलाई 2022 तक"

(2) विलम्ब शुल्क रूपये 100/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –

"दिनांक 23 जुलाई 2022 से 24 जुलाई 2022 तक"

(3) विलम्ब शुल्क रू. 750/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –

"दिनांक 25 जुलाई 2022 से 26 जुलाई 2022 तक"

(4) विशेष विलम्ब शुल्क रू. 2000/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –

"दिनांक 27 जुलाई, 2022 से परीक्षा प्रारंभ होने के पांच दिवस पूर्व तक"

5) परीक्षा प्रारंभ होने के पांच दिवस की पूर्व की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रतिदिवस बढते क्रम में रूपये 500/– अतिरिक्त विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किये जा सकेगें।

दिशा–निर्देश –

1) NCTE WRC, Bhopal से मान्यता एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्धता सत्र 2021–22 प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें। **उक्त के अभाव में परीक्षा आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जाऐंगे।**

2) उच्च शिक्षा, म0प्र0 शासन, भोपाल बी.एड. काउन्सलिंग द्वारा आपके महाविद्यालय को जारी प्रवेशित सूची एवं उत्कृष्ट (अग्रणी) महाविद्यालय द्वारा जारी प्रवेशित विद्यार्थियों की सत्यापित सूची संलग्न करें।

3) माननीय न्यायालय तथा म0प्र0 शासन से कोई अन्य निर्देश प्राप्त होने पर तद्नुसार कार्यवाही करने हेतु विश्वविद्यालय स्वतंत्र होगा।

4) समस्त अशासकीय महाविद्यालय को रू. 100/– के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का नोटराईज्ड शपथ पत्र प्रमाण सहित प्रस्तुत करना होगा कि उनके महाविद्यालय से जिन विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भेजे गए हैं वे सभी परीक्षा में बैठने के लिए पात्र है। यदि बाद में वे पात्र नहीं पाऐ जाते हैं तो इसका सम्पूर्ण दायित्व महाविद्याल का होगा तथा विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा। यह शपथ पत्र संचालक संस्था के अध्यक्ष, सचिव एवं महाविद्यालय के प्राचार्य, तीनों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित होगा।

5) प्राचार्य/विभागाध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय/अ.शा. परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से आर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ एवं अग्रेषण शुल्क (Forwarding fee) रू. 50/– प्रति परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय/अ.शा. संग्रहित करेगा। इस राशि में से वि.वि. का अंश रू. 10/– प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान अविलम्ब वि. वि. को करेंगे।

निरन्तर–02

6) अनुतीर्ण छात्रों को अगले सेमेस्टर में बैठने की पात्रता नहीं है। परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें। यदि महाविद्यालय द्वारा आवेदन पत्र जमा किया जाता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधीत महाविद्यालय की होगी।

7) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि क पश्चात पाँच (03) दिवस के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें। समय सीमा में जमा न कराने के पश्चात प्रति छात्र 10/– (दस रुपये) विलम्ब शुल्क महाविद्यालय को जमा कराना होगा।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक/परीक्षा/2021/10556

दिनांक : 13/7/2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

01. निदेशक/प्राचार्य, संबंधित संस्थान/महाविद्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, उज्जैन की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान/महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निजि सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय/पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. सहायक कुलसचिव, लेखा/गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. संपादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .... की ओर भेजकर अनुरोध है किअधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)